तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि-

# कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 2 दिसंबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



12 परचारीपारा शिविर सेवा, संस्कार जागरूकता...





12 गणित परिषद ने खरथा स्कूल के बच्चों को खेल- खेल...




## खबर संक्षेप

### सोनिया व राहुल पर रिपोर्ट दर्ज विरोध में कांग्रेस ने पुतला फूंका



**कांकेर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के ऊपर ईडी के द्वारा किए गए एफआईआर के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के द्वारा 1 दिसंबर को दोपहर 3 बजे पुराना बस स्टैंड में ईडी एवं प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन मे मुख्य रूप से जितेंद्र सिंह ठाकुर, जनक नंदन कश्यप, विजय यादव, मनोज जैन, अजय रेणु, उदय बंटी शर्मा, सरजू शोरी, शिवांकित श्रीवास्तव, यासीन कराणी, कमल नागवंशी, खोमेन्द्र उइके, सत्यार्थ करायत, सुमित राय, चंद्रलोक ठाकुर, सोमेश सोनी, जीशान अली, टुकेश्वर साहू, पंचराम सलाम, नरसिंह तेता, बबलू देवांगन, तारश सिन्हा, प्रशांत सिन्हा, विनय ठाकुर एवं अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### युवक ने जहर खाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत चिनौरी निवासी 24 वर्षीय कोमल साहू ने जहर खा लिया, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतिका ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए परिजन उसे रायपुर के अस्पताल में लेकर गए। अस्पताल में इलाज के दौरान 6 अगस्त को मौत हो गया। मृतिका ने जहर क्यो खाया यह अभी पता नही चल पाया है।

**लापरवाही:** आरएचओ की लापरवाही पर उबाल, बच्चों की बिगड़ी तबीयत

# स्कूल के पास एक्सपायरी दवाइयां जलाई सशिमं की आठ छात्राएं अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल पीव्ही 43 के पास सोमवार दोपहर के आसपास एक्सपायरी दवाइयों को आग के हवाले किए जाने से फैला जहरीला धुआँ स्कूल परिसर में घुस गया, जिसके कारण कई मासूम छात्राओं की तबीयत अचानक बिगड़ गई। कुछ ही मिनटों में स्कूल परिसर सहम गया और बच्चों को बाहर निकालकर अस्पताल ले जाने की अफरा-तफरी मच गई। इस लापरवाही को लेकर स्थानीय लोगों और अभिभावकों में भारी आक्रोश है।

- स्कूल के पास मेडिकल वेस्ट जलाने से मचा हंगामा, अभिभावकों ने आरएचओ पर कार्रवाई की की माँग

जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर करीब 2 बजे सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल पी वी 43 के समीप आरएचओ विवेक बढ़ई द्वारा एक्सपायरी दवाइयों को जलाए जाने की सूचना मिली। इन दवाइयों को खुले में आग लगाई गई, जिससे उठा घना और जहरीला धुआँ हवा के साथ सीधे स्कूल की ओर बढ़ गया। उस समय स्कूल में लगभग 40 बच्चे मौजूद थे। धुएँ के अचानक फैलने से कक्षाओं में बैठे बच्चों को सांस लेने में दिक्कत, आँखों में जलन, चक्कर और उलझन महसूस होने लगी। स्थिति गंभीर होती देख स्कूल स्टाफ ने तुरंत बच्चों को कक्षाओं से बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था किया, लेकिन कई बच्चियों की हालत अधिक बिगड़ने पर उन्हें सिविल अस्पताल पखांजूर ले जाया गया। फिलहाल बच्चों की स्थिति चिंतामुक्त बताई जा रही है, लेकिन इस हादसे ने क्षेत्र में बच्चों की सुरक्षा और प्रशासनिक जिम्मेदारी पर बड़ा सवाल छोड़ दिया है। इस घटना ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यपद्धति और एक्सपायरी मेडिकल वेस्ट के निस्तारण संबंधी नियमों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

अस्पताल प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन से लोग इस घटना की निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही दुबारा न दोहराई जाए।




बायो मेडिकल वेस्ट नियम 2016 का खुला उल्लंघन, कार्रवाई की माँग

राजापारा श्मशान घाट मार्ग बना डंपिंग जोन, मेडिकल वेस्ट से संक्रमण का डर

### हरिभूमि ने विभाग को 13 दिन पहले किया था सचेत

हरिभूमि ने कांकेर के राजापारा क्षेत्र में भी खुले में दवाई फेंकने का मामले को 17 नवंबर को संज्ञान में लाया था और उसके बाद इस मामले की जाँच कहाँ तक हुई, विभाग ने आज तक इस मामले में अवगत नहीं कराया है। विभाग 17 नवंबर को गंभीर हो जाता और कागज का घोड़ा दौड़ा दिया जाता, तो पखांजुर में सोमवार की जो घटना घटी, उसे रोका जा सकता था।

### बच्चे घबराने लगे, खांसी आने लगी

घटना की प्रत्यक्षदर्शी स्कूल शिक्षिका रिंकू शील ने बताया कि कक्षाओं में अचानक धुएँ का तेज असर महसूस हुआ। बच्चों को खांसी आने लगी और कई बच्चे घबरा गए। उन्होंने तुरंत सहकर्मियों के साथ सभी बच्चों को सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया और स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र को जानकारी दिया। उसके उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया और साथ ही पालकों को जानकारी दिया गया।

### अस्पताल में भर्ती स्कूल के बच्चे

सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किए गए बच्चों में सुपर्णा कुंडू पिता सुब्रत 9 वर्ष, मिष्टी मंडल पिता सुरंजन मंडल 9 वर्ष, आखी मंडल पिता सुषेण 10 वर्ष, नैना कर्मकार पिता गौतम 8 वर्ष, तानुका मंडल पिता जीवन 7 वर्ष, सुजय 7 वर्ष, बीयूटी शील पिता बरुन, काबेरी मंडल पिता कमलेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पखांजुर में भर्ती कराया गया। सभी बच्चों का उपचार जारी है और चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर है, लेकिन कुछ को ऑब्जर्वेशन में रखा गया है।

### अभिभावकों ने कार्रवाई की मांग

इस घटना के बाद अभिभावकों और ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी गई। लोगों ने कहा कि एक्सपायरी दवाइयों को खुले में जलाना अपने आप में गैरकानूनी और खतरनाक है, लेकिन स्कूल के पास ऐसा किया जाना बेहद गैरजिम्मेदाराना और बच्चों की सुरक्षा के लिए सीधा खतरा है। ग्रामीणों ने आरएचओ विवेक बड़ाई की इस कथित लापरवाही को "घोर अमानवीय कार्य" बताया और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

### मामले की जाँच जारी

बीएमओ संजीव कुमार वैष्णव ने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मैं प्रशिक्षण के लिए कार्यस्थल से बाहर हूँ, लेकिन मामला मेरे संज्ञान में आया है। अब तक 8 बच्चों को भर्ती कराया गया है और सभी का इलाज जारी है। मामले की जांच की जा रही है।

## अंधेरे में खड़े ट्रक से टाकराई बाइक सवार बैंक कर्मचारी गंभीर घायल



**कांकेर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर कोषा केंद्र के पास अंधेरे में बिना पार्किंग लाइट और बिना किसी चेतावनी संकेत के सड़क पर खड़े ट्रक से बाइक सवार बैंक कर्मचारी जा टकराया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद घायल कर्मचारी को पहले चारामा अस्पताल और फिर हालत बिगड़ने पर धमतरी के निजी अस्पताल रेफर किया गया। पूरा मामला सामने आने पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हल्बा चौकी अंतर्गत ग्राम कोटेला निवासी मोहनीश कुमार शोरी ने चारामा थाना पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनके पिता द्वार सिंग शोरी, जो बैंक ऑफ बड़ौदा कोचवाही ब्रांच में कैशियर हैं। वे 28 नवंबर की रात करीब आठ बजे अपना काम खत्म करके मोटरसाइकिल सीजी 19 बीआर 7607 से घर लौट रहे थे। ग्राम बाबूकोहका के आगे कोषा केंद्र के पास पहुंचे, वहां सड़क पर ट्रक सीजी 11 एडब्ल्यू 7481 को चालक ने अंधेरे में बिना रोशनी और बिना सिग्नल के खड़ा कर रखा था। अंधेरा होने के कारण ट्रक दिखाई नहीं दिया और द्वारसिंग शोरी की बाइक सीधे ट्रक के पीछे जा भिड़ी। जोरदार टक्कर में उनके पैर, कंधे और सिर में गंभीर चोटें आईं। घायलावस्था में उन्हें तुरंत सीएचसी चारामा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें धमतरी के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज जारी है। पीड़ित के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 125(ए) व 285 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चालक को तलब कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 15 तक

कांकेर। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को जिले के समस्त विकासखण्डों में सांसद खेल महोत्सव जुनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग में आयोजित करने के लिए निर्देशित किया है। यह प्रतियोगिता ग्रामीण स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 10 दिसंबर तक तथा विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 15 दिसंबर तक संपन्न कराने के लिए कहा गया है।

## दहेज प्रताड़ना मामले में पति और सास-ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ससुराल वालों की प्रताड़ना से प्रताड़ित महिला ने थाना में पति व सास-ससुर के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी, दहेज की मांग समेत गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि एक बार उनके द्वारा थाना में शिकायत किया गया था। दबाव व परिवार टूट जाने की डर से शिकायत वापस ले लिया था, इसके बाद भी ससुराव वालों में सुधार नही आया और वे फिर से प्रताड़ित करने लगे। परेशान पीड़ित महिला की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया।

- दहेज की मांग पर आए दिन मारपीट करने की शिकायत

दुर्गुकोंदल थाना में शिकायत करने पहुंचे महाराष्ट्र के भद्रावती तहसील अंतर्गत कुचना निवासी नेहा ठगेल पति सूरज ठगेल ने पुलिस को बताया कि 28 अक्टूबर को मेरे साथ मेरे ससुर, सास, पति के द्वारा की गई मारपीट प्रताड़ना शोषण संबंधी शिकायत 29 अक्टूबर को थाना में दिया गया था। उस दिन मेरा मेडिकल मुलाहिजा भी कराया गया था। उसी दिन डर व परिवार टूटने की आशंका के चलते तथा मानसिक स्थिति ठीक न होने से मैने यह लिखित दिया था की फिलहाल कार्यवाही नहीं चाहती हूं। उस समय पति सास व ससुर भी थाने में ही मौजूद थे, जिसके कारण उनका दबाव मुझ पर उस समय था। अब भी मुझे मेरे ससुराल वाले पीड़ति व प्रताड़ति कर रहे हैं। मैने 28 अक्टूबर को बेसन के पकौड़ा बनाकर स्वयं खा ली थी, उस बात को लेकर मेरे पति, मेरी सास व ससुर द्वारा मां, बहन गाली देते हुए जान से मार देने की धमकी दिया और बेतहाशा मारपीट किया गया था। मारपीट से मुझे काफी चोट आई थी। मुलाहिजा भी सीएचसी दुर्गुकोंदल ▶▶| शेष पेज 10 पर






## क्षेत्रीय अंतर-महाविद्यालय खेलकूद में जगदलपुर कॉलेज बना चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के सिंगारभाट स्थित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र का परिसर रविवार को उत्साह, ऊर्जा और युवा जोश की गूंज से भर उठा, जब दक्षिण क्षेत्रीय अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता का रंगारंग समापन हुआ। छह महाविद्यालयों के 240 प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा, अनुशासन और टीम स्पिरिट का ऐसा प्रदर्शन किया कि पूरा परिसर तालियों से गूंज उठा।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि एवं कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं ने खेल भावना का अनुकरणीय प्रदर्शन किया है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने से युवा अपने माता-पिता, जिले और प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के ▶▶| शेष पेज 10 पर

### उपविजेता पोटाई कृषि महाविद्यालय

प्रतियोगिता में शहीद गुण्डाधूर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, जगदलपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए समग्र चैम्पियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। उपविजेता का खिताब मेजबान रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सिंगारभाट को मिला, जबकि तृतीय स्थान लिंगो मृदियाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, नारायणपुर ने प्राप्त किया।

**खरीदी केंद्र कर्मचारियों और किसानों के बीच विवाद नौबत बढ़ी**

# धान खरीदी में टोकन, हमाल व लिमिटेशन के संकट से कोरर क्षेत्र के किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

कोरर व आसपास के क्षेत्रों में इस बार धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू से ही अव्यवस्थाओं से जूझ रही है। पहले पंजीयन में दिक्कतें थीं, अब टोकन की गड़बड़ियों ने किसानों की परेशानी कई गुना बढ़ा दी है। सीमित खरीदी, हमालों की कमी, ऐप की तकनीकी खामियाँ और ऑफलाइन टोकन में मनमानी जैसे हालातों ने किसानों को खरीदी केंद्रों के चक्कर लगाने पर मजबूर कर दिया है। कई स्थानों पर खरीदी केंद्र कर्मचारियों और किसानों के बीच विवाद की स्थिति तक बन रही है। धान खरीदी केन्द्र तालाकुर्रा में सोमवार 1 दिसंबर को ऑफलाइन टोकन के लिए खरीदी केन्द्र प्रभारी और किसानों के बीच टोकन काटने को लेकर विवाद कि स्थिति बन गई। तालाकुर्रा खरीदी केंद्र में हमाल कम होने के चलते किसान स्वयं अपनी धान की बोरी एक जगह से दूसरे जगह पर रख रहे थे। जानकारी के अनुसार शनिवार व रविवार के अवकाश को छोड़ दे, तो अब धान बेंचने के लिए 39 दिन शेष है। इस बीच मौसम खराब होने पर भी खरीदी प्रभावित हो सकता है। तालाकुर्रा में सोमवार कों खरीदी लिमिट 620 क्विंटल है और अब तक केवल 3 हजार क्विंटल तक की खरीदी हुई है। रोजाना इतनी खरीदी भी होगी, तब भी सभी किसानों से धान खरीदी करना संभव नहीं है। किसान पारसमणी जैन, ▶▶| शेष पेज 10 पर



### हमालों की हो रही है दिक्कत

खरीदी केंद्र प्रभारी रामविलाश साहू ने बताया कि सभी कर्मचारी हमाल ढूंढ़ने लगे हुए है। हमाल कम होने से खरीदी प्रभावित हो रहा है एवं जल्द से जल्द हमाल ढूंढ़ने की बात कहीं। केवटीनटोला, तालाकुर्रा और कोकानपुर के किसानों का कहना है कि जल्द से जल्द हमारा टोकन नहीं काटा गया तो हमें मजबूरी वश सड़क पर उतरना पढ़ सकता है।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोवा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता- सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण-** 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर `नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण-** 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### युवक ने खाया जहर, हुई मौत

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बारदेवरी निवासी 25 वर्षीय अजय कुमार नाग का इलाज के दौरान 30 नवंबर को मौत हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### ऋण के लिए 15 तक कर सकते हैं आवेदन

**कांकेर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर द्वारा जिले में निवासरत अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वरोजगार स्थापना के लिए ऋण सहायता प्रदाय करने के लिए 15 दिसम्बर तक आवेदन करने का मौका दिया है। अंत्योदय स्वरोजगार योजनांतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के 48 युवक-युवतियों को ऋण सहायता उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। आवेदक को संबंधित जाति वर्ग का होना चाहिए और जिले का मूल निवासी होना चाहिए। उसकी पारिवारिक वार्षिक आय शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 01 लाख 50 हजार रुपए से अधिक नहीं होना चाहिए।

### पीएम सूर्य घर के लिए आज से नगरीय क्षेत्रों में शिविर

**कांकेर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजनांतर्गत घरों में सौर ऊर्जा पैनल लगाने के लिए आम लोगों को जागरूक करने जिले के सभी नगरपालिका व नगर पंचायत क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार 02 दिसम्बर मंगलवार को न्यु कम्युनिटी हॉल सामुदायिक भवन कांकेर में, 03 दिसम्बर बुधवार को सामुदायिक भवन नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में, 04 दिसम्बर गुरूवार को नगर पंचायत भवन अंतागढ़ और चारामा में तथा 05 दिसम्बर शुक्रवार को नगर पंचायत भवन पखांजूर एवं नरहरपुर में शिविर आयोजित किए जाएंगें। उक्त शिविर में कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग के साथ ही विभागीय अधिकारी एवं पंजीकृत वेंडर उपस्थित रहेंगे, उनके द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर अंतर्गत घरों में सौर ऊर्जा पैनल लगाने वाले उपभोक्ताओं का पंजीयन मौके पर किया जाएगा।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए 20 तक है मौका

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसा घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस एवं बुद्धिमता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाना है। योजनांतर्गत 05 बालक-बालिकाओं को 25 हजार रूपए की राशि तथा प्रशस्ति पत्र पुरस्कार के रूप में प्रदान किए जाने का प्रावधान है। राज्य वीरता पुरस्कार के लिए निर्धारित प्रारूप एवं आवश्यक अभिलेखों सहित प्रस्ताव 20 दिसम्बर तक कार्यालय कलेक्टर, महिला एवं बाल विकास विभाग में जमा किया जा सकता है। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### शराब दुकान हटाने के लिए एसडीएम को दिया ज्ञापन

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के भोपालपट्नम में कॉलेज मार्ग पर स्थित शराब दुकान को हटाने विद्यार्थियों ने हस्ताक्षर कर एसडीएम को आवेदन सौंपा है।

## मनमानी : धान खरीदी केंद्र प्रभारी की मनमानी से किसान परेशान

# पीवी 84 धान खरीदी केंद्र में मनमानी प्रति क्विंटल 5 किलो की हो रही क्षति

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजूर**



परलकोट क्षेत्र के बांदे लैम्प्स के अंतर्गत पीवी 84 धान खरीदी केंद्र में किसानों के साथ खुलेआम लूट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। केंद्र प्रभारी द्वारा मनमानी करते हुए खराब और बिना सत्यापन वाले कांटे का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे तौलाई में गंभीर गड़बड़ी हो रही है और किसानों को प्रति क्विंटल लगभग 5 किलो धान का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

खरीदी केंद्र प्रभारी जो एक पटवारी के रूप में भी कार्यरत है। इस कथित मनमानी से किसानों में भारी आक्रोश है। तौलाई में डाका कैसे हो रहा है, किसानों ने आरोप लगाया है कि केंद्र में रखे तराजू कांटा जानबूझकर खराब रखा गया है। किसानों के अनुसार खराब कांटे से प्रति बोरी में डेढ़ किलो तक अधिक धान लिया जा रहा है, जिससे एक क्विंटल लगभग 2.5 बोरी पर 3 किलो से अधिक का नुकसान हो रहा है। इसके अतिरिक्त केंद्र प्रभारी सूखती नमी के नाम पर अलग से प्रति क्विंटल डेढ़ से 2 किलो अधिक धान वसूल रहे हैं। इस प्रकार किसानों को प्रति क्विंटल धान पर कुल मिलाकर लगभग 5 किलो का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। मामला तब उजागर हुआ जब किसान परेश बड़ाई अपने घर से 40 किलो धान तौलकर बोरी में भरकर केंद्र पहुंचे।

केंद्र के कांटे पर जब उन्होंने वजन किया, तो धान का वजन मात्र 38.500 किलोग्राम निकला। किसान ने तत्काल अपने घर से अपना निजी कांटा मंगवाया और सबके सामने तौलकर इस बड़े घोटाले को उजागर कर दिया। किसान परेश बड़ाई ने मौके पर जमकर हंगामा किया और कार्यवाही की मांग की। किसानों के विरोध के बाद तत्काल प्रभाव से धान खरीदी केंद्र को बंद कर दिया गया। किसान ने बताया कि किसानों को प्रति क्विंटल में 5 किलो से ज़्यादा नुकसान हो रहा है।

घर से 40 किलो लाया, यहाँ 38.500 निकला, ये खुलेआम लूट है। किसान सिलधारी ने बताया कि प्रभारी जानबूझकर खराब कांटे से खरीद कर रहे है, जिसकी तुरंत जांच होनी चाहिए। किसानों ने बताया कि लैम्प्स से दिया गया तौलाई कांटा भी बिना किसी सत्यापन वेरिफिकेशन के केंद्र भेज दिया गया, जिसका फायदा उठाकर केंद्र प्रभारी लूट का यह खेल चला रहे हैं। ट्रैक्टर-ट्रॉली में लाए गए धान को सीधे खाली कर बोरी भर्ती की जाती है और बिना निगरानी के तौलकर स्टैक में लगा दिया जाता है, जिससे गड़बड़ी की संभावना और बढ़ जाती है। खुलासा होने से पहले इस खराब कांटे से केंद्र में 1152 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है।

किसान मांग कर रहे हैं कि अब तक खरीदी किए गए सभी धान की गुणवत्ता और तौलाई की जांच की जाए और दोषी केंद्र प्रभारी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। किसानों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच हो ताकि किसानों को हुए भारी नुकसान की भरपाई हो सके और भविष्य में इस तरह की लूट पर रोक लग सके। इस संबंध में लैम्प्स प्रबंधक बांदे अधीर दास ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। हम तत्काल इसकी जांच करवा रहे हैं और यदि तौलाई में गड़बड़ी पाई जाती है तो केंद्र प्रभारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## कांकेर प्रेस क्लब अध्यक्ष पद पर उगेश सिन्हा निर्विरोध निर्वाचित



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर**

प्रेस क्लब कांकेर के चुनाव में एकता और भरोसे की मिसाल पेश किया है। प्रेस क्लब के सदस्यों ने वर्तमान कमेटी के कामकाज पर संतोष जताते हुए अध्यक्ष उगेश सिन्हा सहित पूरी कार्यकारिणी को अगले तीन वर्षों के लिए निर्विरोध चुना। चुनाव को लेकर बुलाई गई बैठक में पत्रकारों ने स्पष्ट कहा कि मौजूदा टीम ने उत्कृष्ट कार्य किया है, इसलिए चुनाव कराने की आवश्यकता नहीं है और कमेटी को दोबारा अवसर मिलना चाहिए।

प्रेस क्लब के चुनाव में मौजूदा टीम अगले तीन वर्षों के लिए निर्विरोध चुना गया। कोषाध्यक्ष बीरेंद्र यादव के इस्तीफे के बाद उनकी जगह प्रशांत जोशी नए कोषाध्यक्ष बनाए गए, वहीं अन्य पदों पर पूर्व पदाधिकारी ही पदस्थ रहेंगे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष उगेश सिन्हा ने सभी पत्रकारों के विश्वास के लिए आभार जताते हुए कहा कि आने वाले दिनों में प्रेस क्लब भवन निर्माण उनकी प्राथमिकता होगी। भूमि आबंटन प्रक्रिया अंतिम चरण में है और भूमि मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुछ पदों पर मनोनयन किया जाना बाकी है, जिसके लिए जल्द ही कार्यकारिणी की बैठक कर नियुक्तियाँ की जाएँगी। सदस्यता विस्तार की प्रक्रिया भी जारी रहेगी।

आयोजित बैठक में संरक्षक विजय कुमार पाण्डेय, संरक्षक राजेश शर्मा, संरक्षक अमित चौबे, सरंक्षक गौतम सरकार, दिनेश मिश्रा, गौरव श्रीवास्तव, खेमनारायण शर्मा, योगेंद्र बैस, हबीब राज, तामेश्वर सिन्हा, राजकुमार कश्यप, श्रवण बेसरा, आशीष परिहार, बीरेंद्र यादव, सुशील सलाम, राकेश गुप्ता, अक्कू रिजवी, मौसम साहू, नवीन सोनी, शाहरूख और तेजमल नाग शामिल रहे।

## सशिमं लखनपुरी में सप्तशक्ति संगम पर केंद्रित कार्यक्रम हुए



**चारामा।** सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ प्रांत के मार्गदर्शन में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय लखनपुरी में संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर सप्तशक्ति संगम का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यमक्रम के तहत माता के सप्त शक्ति कीर्ति, श्री, वाणी, स्मृति, मेधा, धृति और क्षमा के समझ विकसित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि की आसंदी से जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिन्हा के द्वारा भारत में महिलाओ का योगदान विषय पर विचार रखें। विशिष्ट अथिति की आसंदी से व्याख्याता आशा ठाकुर के द्वारा पर्यावरण एवं कुटुंब प्रबोधन परिवार व्यवस्था पर विचार रखे। मुख्य वक्ता प्रांत सह संयोजिका सप्त शक्ति संगम लक्ष्मी ठाकुर द्वारा नारियो के अंदर विद्यामन सप्त शक्ति विषय पर मार्गदर्शन दिए I विशिष्ट अथिति जनपद अध्यक्ष जागेश्वरी भास्कर के द्वारा शिशु मंदिर के बच्चों के अंदर शिक्षा के साथ साथ संस्कार के विषय पर अपनी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जमुना देवी दुबे कानापोड़, जो कि शिशु मंदिर को भवन बनाने अपनी भूमि दान की है ने किया।

सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम मे सरस्वती शिक्षा समिति कांकेर जिला के उपाध्यक्ष डॉ. योगेंद्र कुमार साहू, जिला समन्वयक मनोहर सिंह ठाकुर, सरला यादव प्रधानाचार्य सारंगपाल, दीपमाला देवनाथ प्रधानाचार्य मनकेशरी, संगीता मानिकपुरी प्रधानाचार्य धनेलीकन्हार, अरुण साहू प्रधानाचार्य शाहवाड़ा, देवेंद्र कौशल की उपस्थिति रही।



## आंबेडकर स्मृति चिन्ह और संविधान पुस्तक भेंटकर किया सम्मानित

**पखांजूर।** शहीद गैंद सिंह स्मारक भवन पखांजूर में भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें 12 स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता का विषय भारतीय संविधान में धर्मनिरपेक्षता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को शामिल करने का उद्देश्य क्या था। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप 10 प्रतिभागियों को डॉ. बीआर अंबेडकर स्मृति चिन्ह और संविधान पुस्तक देकर सम्मानित किया गया और बाकी सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

संविधान दिवस के अवसर पर क्रांतिकारी विचार मंच द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब अंबेडकर की छाया चित्र में पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मंच का संचालन अशोक उर्वसा ने किया। प्रतिभागियों की भाषण की समय सीमा 5 मिनट तय की गई थी। निर्णायक के तौर पर कार्तिक नागवंशी और जोझन लो को नियुक्त किया गया था। टॉप 10 आने वाले प्रतिभागी प्रीति मंडल, प्रणय दास, सलोनी समद्दार, मनिषा विश्वास, सौरभ गोलदार, संगीता मंडल, शिल्पा मंडल, कृष्णा मंडल, खुशी मंडल, अमृता कोर्राम रहा। कार्यक्रम में क्रांतिकारी विचार मंच के कार्यकर्ता हरपाल सिंह, महेश्वर शर्मा, संतोष ठाकुर, रिखीराम भुआर्य, जॉन नाग, दिनेश नेगी, मुकेश जांगड़े, रसम विश्वास और स्कूलों से आए शिक्षक, प्राचार्य उपस्थित रहे।

## आमापानी बीएसएनएल टावर दो साल से बंद, उपभोक्ता त्रस्त, चालू करने की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरोना**

■ नेटवर्क के लिए करनी पड़ रही जद्दोजहद



तहसील सरोना के अंतर्गत जिले के अंतिम छोर बसे ग्राम आमापानी में स्थापित बीएसएनएल मोबाइल टावर पिछले दो वर्षों से बंद पड़ा हुआ है, जिसके कारण गांव सहित आसपास के क्षेत्रों के छात्रों, किसानों, युवाओं और आम लोगों को गंभीर नेटवर्क समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि टावर लगने के बाद यह उम्मीद जगी थी कि गांव में पहली बार स्थायी मोबाइल नेटवर्क की सुविधा मिलेगी, लेकिन टावर चालू न होने से अभी भी स्थिति वैसी ही बनी हुई है।

ग्रामीणों ने बताया कि पढ़ाई लिखाई करने वाले छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन कक्षाओं, परीक्षा फॉर्म भरने, स्कॉलरशिप आवेदन, रिजल्ट देखने जैसी सामान्य जरूरतों के लिए भी नेटवर्क ढूंढने घंटों इधर-उधर भटकना पड़ता है। कई बार मजबूरी में लोग ऊंचे पहाड़ों या गांव से कई किलोमीटर दूर जाकर मोबाइल नेटवर्क पकड़ते हैं। युवाओं ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन, सरकारी योजनाओं का पंजीयन, बैंकिंग कार्य या किसी भी जानकारी को इंटरनेट के माध्यम से प्राप्त करना बेहद कठिन हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार आमापानी जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में आता है, जहां मोबाइल नेटवर्क पहले से ही कमजोर रहता है। बीएसएनएल का टावर लगने के बाद उम्मीद थी कि इससे इस समस्या का समाधान होगा, लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी टावर चालू न किए जाने से लोगों में नाराजगी है। गांव में ऑनलाइन दुकानों या सुविधाओं की भी कमी है, जिसके कारण छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी लोग परेशान होते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि तहसील मुख्यालय सरोना लगभग 30 किमी दूर है और जिला मुख्यालय 40 किमी दूर होने के कारण किसी भी आवश्यक कार्य के लिए उन्हें लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। ऐसे में संचार सुविधा का अभाव जीवन को और भी कठिन बना रहा है। ग्रामीणों ने बीएसएनएल विभाग और प्रशासन से मांग की है कि आमापानी में लगे टावर को जल्द से जल्द चालू किया जाए, ताकि सीमावर्ती क्षेत्र के लोग संचार सुविधा से वंचित न रहें और डिजिटल सेवाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के उठा सकें।

## कांग्रेस प्रवक्ता चयन टैलेंट हंट में शामिल हुए कोड़ेकुसी का युवक



**दुर्गुकोंदल।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा प्रवक्ताओं के चयन के लिए चलाए जा रहे टैलेंट हंट कार्यक्रम के तहत संभागीय स्तर पर आयोजित इंटरव्यू में दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत कोड़े कुसी से एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में छोटू यादव ने हिस्सा लिया, वे जगदलपुर पहुंचकर इस चयन प्रक्रिया में शामिल हुए। प्रवक्ता चयन के लिए इच्छुक युवा नेताओं की वक्तृत्व क्षमता, विषयों की पकड़, राजनीतिक समझ और संगठनात्मक दृष्टिकोण का मूल्यांकन किया गया। इंटरव्यू में प्रतिभागियों ने विभिन्न सामयिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर अपनी दक्षता प्रस्तुत की। संभागीय स्तर के बाद योग्य प्रतिभागियों को अगली प्रक्रिया के लिए राजधानी रायपुर के राजीव भवन भेजा जाएगा, जहां कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक उनके अंतिम इंटरव्यू लेंगे। कांग्रेस नेतृत्व का कहना है कि इस टैलेंट हंट का उद्देश्य पार्टी को तथ्यपरक, तेजतर्रार और प्रभावी प्रवक्ता उपलब्ध कराना है, जो मीडिया और जन-चर्चा मंचों पर पार्टी की बात मजबूती से रख सकें। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात जल्द ही नए प्रवक्ताओं की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। भानुप्रतापपुर क्षेत्र में छोटू यादव की इस सहभागिता से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है।

## कंडरा समाजिक भवन लोकार्पित विधायक ने बोरिंग की घोषणा की

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर**




शहर के शांतिनगर वार्ड में नवनिर्मित कंडरा आदिवासी सामाजिक भवन का लोकार्पण विधायक आशाराम नेताम के मुख्य आतिथ्य में हुआ। समाज प्रमुखों की माँग पर विधायक ने बोर खनन करवाने की घोषणा किया।

मुख्य अतिथि की आंसदी से उपस्थित विधायक आशाराम नेताम के द्वारा फीता काटकर व पट्टिका का अनावरण कर लोकार्पण किया गया। विधायक ने कंडरा राजा धरमन देव की जय घोष करते हुए भवन से भावी पीढ़ी के लिए शिक्षा एवं सामाजिक सेवा के उद्देश्य के लिए बहुत उपयोगी बताया। साथ ही साथ समाज को संस्कृति संरक्षण एवं शिक्षा पर जोर देने की बात कही। भवन की बुनियादी सुविधाएं पेयजल के लिए बोर खनन, सीढ़ी रेलिंग एवं अन्य सुविधाओं और कमियों को पूरा करने की स्वतः आश्वासन एवं घोषणा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित समाज के वरिष्ठ संघर्ष शील, मार्गदर्शक एवं सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य केशव शोरी ने समाज के भूमि प्राप्ति से लेकर भवन निर्माण तक के सामाजिक, आर्थिक एवं न्यायिक संघर्ष को समाज के समक्ष रखा एवं भवन से भविष्य में होने वाले विभिन्न लाभ के बारे अपने व्यापक विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान समाज के अध्यक्ष ताम्रध्वज मंडावी, पार्षद मीरा सलाम, भूतपूर्व जनपद अध्यक्ष रामचरण कोर्राम, अजय मंडावी, रमशीला साहू, ईश्वर कावड़े एवं अन्य जिले से आए हुए कंडरा समाज के लोग उपस्थित रहें।

### महिला खेल एवं युवा उत्सव का आज

दुर्गुकोंदल। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में विकासखंड स्तरीय महिला खेल एवं युवा उत्सव 2025 का भव्य उद्घाटन दुर्गुकोंदल के उन्मुक्त खेल मैदान खुटगांव आज 2 दिसंबर प्रातः 10 बजे एवं समापन शाम 3 बजे किया जाएगा। युवा उत्सव एवं खेल प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न ग्रामों से खिलाड़ी शामिल होगें। प्रतियोगिता में कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, एथलेटिक्स 100, 200 व 400 मी., लंबी कूद, शॉटपुट, बैडमिंटन, रस्साकशी एवं पारंपरिक खेल खिलाड़ियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजकों ने खेल भावना, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की प्रेरणा देते हुए टूर्नामेंट का आरंभ कराया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र टेकाम, अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई एवं अतिथि उपस्थित रहेगें। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज सिंह मंडावी एवं अन्य अतिथि के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

### युवक की हुई मौत कारण हैं अज्ञात

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत सीएचसी भानुप्रतापपुर में ताड़ोकी निवासी 20 वर्षीय लीलाधर रावटे को इलाज के लिए लाया गया था। अज्ञात कारणो के चलते 30 नवंबर को युवक का मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## धर्मांतरण से सामाजिक सौहार्द्र बिगड़ रहा

# चारामा में अवैध दफन व प्रार्थना सभाओं में रोक लगाने की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा**



नगर चारामा के कब्रिस्तान मे धर्मांतरित एव बाहर के व्यक्तियो को असंवैधानिक रूप से कफन किए जाने पर रोक लगाने की माँग को लेकर सर्व हिन्दू समाज के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी चारामा को ज्ञापन सौपा गया।

हिन्दु समाज के विभिन्न संगठनो एवं आम नागरिको ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौपते हुए बताया कि क्षेत्र और अंचल में बीते कुछ समय से धर्मांतरण बहुत अधिक हो रहा है, जिसके कारण सामाजिक सौहाद्र बिगड़ रहा है और नगर क्षेत्र में अंचल में सामाजिक टकराव की स्थिति दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। धर्मांतरण पर रोक लगाने नगर के सर्व समाज के द्वारा पूर्व में भी आपको ज्ञापन सौंपकर अवैध चर्च और प्रार्थना स्थलो पर रोक लगाने की कार्यवाही की मॉग रखी गई थी, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कार्यवाही नही किए जाने से धर्मांतरण कराने वालो के हौसले बुलंद है और धर्मांतरण का खेल बढ़ते जा रहा है, जबकि धर्मांतरण कानूनी रूप से अपराध है। बीते कुछ माह से यह भी देखने को मिल रहा है कि गाँव-गाँव मे धर्मान्तरित परिवार के सदस्य की मृत्यु होने पर उसे उसके गाँव में दफनाकर चारामा में लाकर दफनाया जा रहा है, जो कि अत्यंत ही अवैधानिक है।

पूर्व में ग्राम हाराडुला, कोडेकुर्सी, दुर्गुकोदल, जामगॉव नरहरपुर, बेवरती कांकेर से धर्मान्तरित व्यक्ति को चारामा ने ही दफनाने का कार्य किया गया। बीते तीन दिन पहले ही 29 नवम्बर को भी नरहरपुर कोचवाही के मृत महिला को बिना प्रशासन की जानकारी के चारामा कब्रिस्तान में दफनाया गया। चारामा सर्व समाज ऐसे कृत्यों की घोर निंदा करता है और प्रशासन से माँग करता है कि ऐसे कृत्यों पर तत्काल रोक लगाई जाए और नगर व ग्राम में चल चल रहे अवैध प्रार्थना सभाओ को तत्काल बंद किया जाए। अगर बार बार ऐसे कृत्य और बाहरी लोगों को लाकर यहाँ दफनाने की प्रकिया होगी, तो हिन्दु समाज द्वारा इसका विरोध करते हुए आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान अखिलेश चंद्रौल, राजा साहू, मुन्नु साहु जिला, संजय सोनकर, किशोर ध्रुव, मासूम तिवारी, हेमन्त ठाकुर, भागी सोनकर, शेखर सोनकले, मोनू साहू, संदीप मेश्राम पार्षद, लोकेश सोनकर पार्षद, टीकम तारम, नवीन पटेल, हीरा साहु,पुरुषोत्तम सोनी, बंसी सेन, प्रियेश सेन, आशीष उइके, अशोक साहू, अजय पंजवानी सहित बड़ी संख्या में हिन्दु समाज के महिला एव पुरूष भी उपस्थित रहे।

## पेज 09 के शेष...

### दहेज़ पड़ताना मामले...

में हुआ है। ससुराल के लोग पहले सोना, दहेज की मांग करते हुए भी मुझे प्रताड़ति करते आ रहें है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सूरज ठगेल, मालती ठगेल और ज्ञानचंद ठगेल के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### क्षेत्रीय अंतर-महाविद्यालय...

अध्यक्ष भरत मटियारा ने विद्यार्थियों को खेलों के साथ-साथ शिक्षा में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं युवा प्रतिभाओं को निखारकर उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का अवसर प्रदान करती हैं। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. संजय शर्मा ने खिलाड़ियों में विकसित हुए अनुशासन, आत्मबल और उत्तम गुणों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन प्रतियोगिता द्वारा विकसित चरित्र सबसे बड़ी उपलब्धि है। एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन सहित विभिन्न खेलों में रोमांचक मुकाबले दर्शकों का ध्यान आकर्षित करते रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांस्था के डीन डॉ. नीतिन कुमार रस्तोगी ने की। समापन अवसर पर अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफियां और पुरस्कार प्रदान किए गए।

### धान खरीदी में...

ब्रिजबती निषाद, वेदप्रकाश सिन्हा, केशव सिन्हा, निरंजन, गंगाराम नायक, रतिराम कुंजाम, जितेन्द्र साहू, राजकुमार, डोमिन बाई सहित सभी किसानों ने लिमिट बढ़ाने एवं ऑफलाइन टोकन काटने की मांग खरीदी प्रभारी से किया है। किसानों का कहना है कि ज्यादातर किसान कों मोबाइल अच्छे से चलना नहीं आता, इस कारण उन्हें ऑनलाइन टोकन काटने में परेशानी हो रही है। ऑफलाइन टोकन की लिमिट काफी कम है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 70 प्रतिशत ऑनलाइन और 30 प्रतिशत ऑफलाइन टोकन काटने का प्रावधान है। टोकन तुहर द्वार एप ढ़ंग से काम नहीं कर रहा। इस एप में टोकन काटने का समय सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। किसान रोज सुबह 8 बजे से पहले मोबाइल खोलकर बैठ जाते है, पर एप खुलता नहीं है। कभी खुल भी जाता है, तो टोकन का कोटा फूल हो जाता है।

# साहू समाज के जिला अध्यक्ष बने नेहरू राम, 5 वोट से हुई जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला साहू संघ के अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ। दंतेवाड़ा के चितालंका निवासी नेहरू राम साहू चुनाव प्रक्रिया से निर्वाचित हुए। नेहरू राम साहू अपने प्रतिद्वंद्वी विनोद साहू से पांच वोटो के अंतर से जीत दर्ज किया।

जिला अध्यक्ष के रूप चयनित नेहरू राम मृदु भाषी तथा सरल स्वभाव के व्यक्ति है। वे अपने संपूर्ण जीवन आदिवासी विकास विभाग कलेक्ट्रेट दंतेवाड़ा में सीनियर अकाउंटेंट के रूप में बीतने के बाद साहू समाज के उत्थान एवं संस्कृतिक मूल्यों को बढ़ाने में लगाकर समाज में साहू समाज की विशेष पहचान दिलाना चाहते हैं। समाज को एकता के सूत्र में बांधकर यथा योग्य समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले को सम्मानित कर आदर्श रूप में पहचान दिलाना चाहते हैं।

निर्वाचन कार्य के लिए पर्यवेक्षक विशेष हलधर साहू कांकेर नियुक्ति थे दंतेवाड़ा जिले के निवर्तमान जिला अध्यक्ष भूपेंद्र साहू उपाध्यक्ष ढाल साहू, महासचिव ओम प्रकाश साहू एवं कोषाध्यक्ष भगत राम साहू तथा चारों तहसीलों के अध्यक्ष गीदम से पंचू साहू, दंतेवाड़ा से वैभव चंदन, बचेली से देवेंद्र साहू और किरंदुल से टीकम साहू इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। दंतेवाड़ा जिले साहू संघ के चुनाव में चयनीत वर्तमान पदाधिकारी जिन्होंने जिला अध्यक्ष नेहरु राम साहू, उपाध्यक्ष योगेश साहू, महिला उपाध्यक्ष अनिता साहू, संगठन सचिव नारायण लाल साहू, महिला संगठन सचिव निर्मला साहू ने जीत दर्ज किया।

इस पूरे कार्यक्रम के दौरान समाज के अन्य पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए जिसमें नरेंद्र साहू, कृष्णा साहू, मनीष साहू, भूपेंद्र साहू गणेश्वर प्रसाद साहू, झूम्मन साहू, उपेंद्र, भुवन लाल, प्रेम लालकलिहारी, पूषण, भूवनेश्वरी, ओमप्रकाश साहू खिलेश्वरी, चित्रलेखा, चंम्पा,वरिष्ठ पदाधिकारी परमानंद साहू, दिनेश साहू, चंद्रिका प्रसाद साहू, पंहूप साहू, महेंद्र साहू एवं सामाजिक लोग उपस्थित हुए।

## खबर संक्षेप

### अवैध धान परिवहन पर तीनों चेक-पोस्ट पर 24 घंटे निगरानी

**बीजापुर।** जिले में धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। अवैध परिवहन की बढ़ती शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अंतरराज्यीय मार्गों पर तीन प्रमुख चेक पोस्ट तिमेड़, तारलागुड़ा और पामेड़ स्थापित किए गए हैं जहां 24 घंटे सख्त सुरक्षा एवं निगरानी की व्यवस्था लागू की गई है।
जिला प्रशासन के निर्देश पर राजस्व, पुलिस, नगर सेना, मंडी एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम इन चेक पोस्टों पर तैनात की गई है। प्रत्येक वाहन की सख्ती से जांच की जा रही है ताकि जिले में किसी भी तरह का अवैध धान का आवागमन न हो सके। चेक पोस्टों पर सीसीटीवी निगरानी, वाहन चेकिंग रजिस्टर और नाइट पेट्रोलिंग को अनिवार्य किया गया है।
खाद्य अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिले से बिना अनुमति धान का परिवहन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर जप्ती एवं एफआईआर भी दर्ज की जाएगी।

### ग्राम अन्ड्री में एसआईआर फार्म भरवाया गया

**बीजापुर।** पहुंच विहीन ग्राम पंचायत गमपुर के ग्राम अन्ड्री में आज प्रशासनिक एवं जनप्रतिनिधियों की संयुक्त टीम पहुंची। टीम ने ग्रामीणों को नियद नेल्लानार सर्वे तथा एसआईआर कार्य फार्म भरने के संबंध में विस्तारपूर्वक समझाइश दी। पीड़िया कैम्प से लगभग 7 किलोमीटर का दुर्गम सफर मोटरसाइकिलों के माध्यम से तय करते हुए तहसीलदार गंगालूर डहरिया, सीईओ जनपद पंचायत पीआर साहू जनपद सदस्य हिमांशु गायता, पीड़या सरपंच सन्नू अवलम, जनपद पंचायत के कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत गमपुर एवं पीड़या के सचिव तथा राशन दुकान के सेल्समैन सहित कुल छह मोटरसाइकिलों में टीम अन्ड्री पहुँची।

### निधन

### राजेश भोजवानी



**जगदलपुर।** वृंदावन कॉलोनी निवासी व्यवसायी राजेश भोजवानी का आज आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 2 दिसंबर को दोपहर बाद 3.30 बजे उनके निवास से निकलेगी। वे डॉ. विजय भोजवानी के बड़े भाई थे। वे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

## जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन

# कांग्रेस ने किया प्रधानमंत्री और प्रवर्तन निदेशालय का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



आज दंतेवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सोनिया गांधी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं संसद में नेता विपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज की गई एफआईआर को पूर्णतः राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया।

■ नेशनल हेराल्ड मामला पूरी तरह निराधार एवं राजनीतिक प्रेरित : सलीम

जिला कांग्रेस कमेटी दंतेवाड़ा के नवनियुक्त अध्यक्ष की नेतृत्व में आयोजित इस विरोध कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी एवं प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक राहुल नवीन के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए पुतला दहन किया। दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे और केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झूमाझटकी भी हुई परंतु कार्यकर्ताओं ने अपना प्रदर्शन जारी रखा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग के विरोध में नारे लगाए। जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार राजनीतिक विद्वेष के चलते केन्द्रीय एजेंसियों प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई, आयकर विभाग एवं अन्य संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष को डराने, दबाने और परेशान करने की लगातार कोशिश कर रही है। यह पूर्णतः लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है और विपक्ष को समाप्त करने की मंशा का संकेत देता है।

सलीम राजा उस्मानी ने स्पष्ट किया कि हम किसी भी प्रकार की तानाशाही प्रवृत्ति और राजनीतिक प्रतिशोध से डरने वाले नहीं हैं। नेशनल हेराल्ड मामला पूरी तरह निराधार एवं राजनीतिक प्रेरित है और अंततः न्याय की ही जीत होगी। और मोदी-शाह की जोड़ी विपक्ष के शीर्ष नेतृत्व को निशाना बनाकर लोकतंत्र को कमजोर करने के प्रयासों में लगी है, लेकिन कांग्रेस पार्टी इन सभी प्रयासों का डटकर मुकाबला करेगी और लोकतंत्र एवं न्याय की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी। कार्यक्रम में जिला महामंत्री मनीष भट्टाचार्य, जिला महामंत्री विमल सलाम, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित्रा सोरी, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष इंद्र शर्मा, जिला पंचायत सदस्य तूलिका कर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, जिला सयुक्त मंत्री जितेन्द्र कश्यप, अल्फसंख्या प्रदेश उपाध्यक्ष मनु वर्गीश, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीनल राय, पार्षद मनोज मालवीय, पार्षद एन नागराज, पार्षद जयप्रकाश नाग, पार्षद इंद्रा ठाकुर, राधा नाग, कोषाध्यक्ष जयदीप मालवीय, मनोज कौरव, संजय विश्वकर्मा, पार्षद अमृत टंडन, पंकज बनी, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष, उमेश कश्यप, जिला महासचिव संदीप राठौड़, युवा कांग्रेस ज्ञानेंद्र सिंह, त्रिशंक ठाकुर, भोलू यादव, वसीम खान, निकल तोपों अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्रापं चित्रकोट में बिना अनुमति मॉडल शौचालय का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

ग्राम पंचायत चित्रकोट में आरईएस विभाग द्वारा मॉडल शौचालय निर्माण कार्य शुरू किया गया है, जबकि पंचायत या ग्रामसभा की अनुमति नहीं ली गई। स्थानीय विधायक विनायक गोयल द्वारा भूमि पूजन भी किया गया, लेकिन ग्राम पंचायत, सरपंच, पंचों और जनप्रतिनिधियों को इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई।

■ एसडीओ व ठेकेदार ने सरपंच पर दर्ज करवाया एफआईआर, ग्रामीणों में आक्रोश

सरपंच भंवर मौर्य और ग्रामीणों का आरोप है कि बिना ग्रामसभा की सहमति किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य पेशा एक्ट और पंचायत राज कानून के नियमों के विपरीत है, इसके बावजूद विभाग और ठेकेदार ने जबरन निर्माण शुरू किया। विरोध करने पर एसडीओ लोहंडीगुड़ा रविकांत और ठेकेदार द्वारा सरपंच भंवर मौर्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई, जबकि विरोध पूरे गांव ने किया था। मामले में धारा 296, 351(2), 324(2), 221 और 132 के तहत एफआईआर की गई है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि एसडीओ रविकांत ने सरपंच और ग्रामीणों को डराया-धमकाया तथा उच्च अधिकारियों से शिकायत कर सरपंच को छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 लगाकर पद से हटवाने की धमकी तक दी। ग्रामीणों ने इसे प्रशासनिक दमन और अधिकारों का दुरुपयोग बताया है।

ग्रामीणों का कहना है कि शौचालय निर्माण का विरोध नहीं है, लेकिन जिस स्थान पर काम किया जा रहा है, वहां हर वर्ष पारंपरिक मड़ई उत्सव का आयोजन होता है, जो धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। इस वजह से ग्रामीणों ने इसे पांचवीं अनुसूची और पेसा एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन बताया।

घटना के बाद गांव में भारी रोष है। ग्रामीणों ने कहा कि जब निर्माण बिना अनुमति और नियमों को ताक पर रखकर शुरू किया गया है, तो कार्रवाई विभाग और ठेकेदार पर होनी चाहिए, सरपंच पर नहीं। ग्रामीणों ने जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा के घेराव और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

# आज प्रस्तावित बीजापुर बंद स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल के नेतृत्व एवं सीएमएचओ डॉ. बीआर पुजारी तथा सिविल सर्जन डॉ. रत्ना ठाकुर की उपस्थिति में बीजापुर जिले के व्यापारी संघ, सर्व समाज, सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों तथा मीडिया के वरिष्ठ सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला अस्पताल तथा संपूर्ण स्वास्थ्य तंत्र के सुदृढ़ीकरण, मानव संसाधन, आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता, संचालन व्यवस्था सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत एवं सारगर्भित चर्चा की गई।

बैठक मे ब्लड बैंक की उपलब्धता एवं कार्यप्रणाली, 108, 102 एम्बुलेंस सेवाओं की समयबद्धतासीटी स्कैन मशीन की खराबी एवं उसके त्वरित मरम्मत कार्य, डायलिसिस यूनिट में तकनीकी समस्या, लिफ्ट की मरम्मत को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश, वार्डों में साफ–सफाई की कमी तथा सफाई कर्मियों की उपस्थिति में सुधार, दवा वितरण काउंटर पर भीड़ एवं इसे सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता, अस्पताल परिसर में इंटरनेट सेवा बाधित होने से प्रभावित कार्यों का समाधान करने को कहा।

प्रशासन ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि उपरोक्त समस्त बिंदुओं पर जिला एवं राज्य स्तर से तत्काल कार्रवाई की जाएगी तथा 15 दिनों के भीतर व्यापक सुधार कर अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाएगी। जनहित को सर्वोपरि मानते हुए व्यापारी संघ, सर्व समाज एवं सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने 2 दिसंबर को प्रस्तावित बीजापुर बंद को स्थगित करने पर सहमति व्यक्त की। संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल ने बीजापुर बंद स्थगित करने के निर्णय के लिए सभी प्रतिनिधियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रशासन सभी समस्याओं के समाधान हेतु प्रतिबद्ध है। बैठक में नगरपालिका उपाध्यक्ष भुवन सिंह चौहान, व्यापारी संघ के जिला अध्यक्ष ईश्वर सोनी, सर्व आदिवासी समाज के सचिव कमलेश्वर पैकरा, प्रेस क्लब अध्यक्ष के. संतोष, व्यापारी संघ के सदस्य एवं वरिष्ठ नागरिक संजय लुक्कड़, राजू गांधी, कुशल चोपड़ा, प्रसून शर्मा, सिरोंज विश्वकर्मा सहित नागरिक उपस्थित रहे।

# अल्पसंख्यकों के समग्र विकास के लिए 15 सूत्रीय कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अल्पसंख्यक समुदायों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए प्रधानमंत्री का नया 15 सूत्रीय कार्यक्रम प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इस आशय की समीक्षा बैठक अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न विभागों को योजनाओं के लक्ष्य समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में बताया गया कि शिक्षा क्षेत्र में एकीकृत बाल विकास सेवाओं के विस्तार, अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में विद्यालय स्थापना, उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति, मदरसा आधुनिकीकरण तथा मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। साथ ही मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान के माध्यम से शैक्षिक अधोसंरचना को और सुदृढ़ किया जाएगा। आर्थिक सशक्तिकरण के तहत स्वरोजगार योजनाओं, रोजगार उपलब्धता, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना तथा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम द्वारा ऋण सहायता को बढ़ावा दिया जा रहा है।

प्राथमिकता क्षेत्र ऋण में अल्पसंख्यकों की समुचित हिस्सेदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में पुलिस, केंद्रीय सुरक्षा बल, रेलवे व अन्य विभागों में भर्ती के दौरान अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। ग्रामीण आवास योजना और शहरी मलिन बस्तियों के विकास कार्यक्रमों में भी अल्पसंख्यक समुदायों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम के प्रत्येक बिंदु के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सतत मॉनिटरिंग और लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचने के निर्देश दिए।

# साइकिल योजना छात्राओं को शिक्षा से जोड़ने का सशक्त माध्यमः अटामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत आज साइकिल वितरण कार्यक्रम अत्यंत उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी, विशिष्ट अतिथियों के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, नगर पालिका उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण की गरिमामय उपस्थिति कार्यक्रम की शोभा बढ़ाती रही। कार्यक्रम में विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरस्वती साइकिल योजना छात्राओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। इस प्रकार की योजनाएं बालिकाओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा एवं नियमित अध्ययन की आदत विकसित करती हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष मुड़ामी ने कहा कि शासन की यह योजना ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की छात्राओं के लिए वरदान साबित हो रही है, जिससे उनके स्कूल आने-जाने में सुविधा मिल रही है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की 9वीं कक्षा की 76 छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। छात्राओं ने भी इस योजना के लिए शासन एवं शिक्षा विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ, विकास खंड शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा खंड स्त्रोत समन्वयक उपस्थित रहे।

# सैचुरेशन व इन्फ्रास्ट्रक्चर कार्य शीघ्र पूरा करे : भूपेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल ने उसूर ब्लॉक अंतर्गत नियद नेल्लानार गांव कोंडापल्ली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गांव में चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों, विशेषकर सैचुरेशन एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण की प्रगति का जायजा लिया। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि गांव में लंबित सभी सैचुरेशन आधारित योजनाओं जैसे कि पात्र हितग्राहियों को लाभों की 100 प्रतिशत उपलब्धता, आधार सत्यापन, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, स्वास्थ्य एवं शिक्षा से संबंधित दस्तावेजीकरण को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। उन्होंने बुनियादी सुविधाओं से जुड़े सभी अधोसंरचना को गुणवत्तापूर्ण समय सीमा में पूर्ण करने को कहा। निरीक्षण के दौरान अग्रवाल ने कहा कि नियद नेल्लानार कोंडापल्ली जैसे दूरस्थ गांवों में विकास कार्यों का समय पर पूर्ण होना शासन की प्राथमिकता है। योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही तक पहुँचे, यह सुनिश्चित करना सभी विभागों की जिम्मेदारी है। इस दौरान एसडीएम उसूर भूपेन्द्र गावरे भी मौजूद थे।

# कांग्रेस अब अपने पतन की ओर बढ़ चुकी है : संतोष गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने दंतेवाड़ा में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष की नियुक्ति के पश्चात अंदरूनी कलह के खुलकर सामने आने एवं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष तक कार्यकर्ताओं की किनाराकशी की शिकायत करने पहुंचे कांग्रेसियों पर कटाक्ष करते कहा कि इससे साफ पता चल रहा है कि कांग्रेस का संगठनात्मक ढांचा कितनी बुरी कदर चरमरा गया है।

उन्होंने कहा कि चुनावों में लगातार हारती जा रही कांग्रेस अब अपने पतन की पराकाष्ठा की ओर बढ़ चुकी है। कांग्रेस के शीर्ष से लेकर प्रदेश नेतृत्व तक लगातार हार के बावजूद अपने संगठनात्मक ढाँचे की जरा भी फिक्र नहीं कर रहे हैं, जो कांग्रेस और उससे जुड़े संगठनों के पदाधिकारियों के अपमान से जगजाहिर हो रहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने इसी जर्जर होते जा रहे संगठन के कारण जमीनी पकड़ खोती जा रही है। कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान चलाया तो वह भी गुटबाजी की भेंट चढ़ गया है, जिसके चलते दंतेवाड़ा में कांग्रेस के पदाधिकारी अपने ही जिला अध्यक्ष की नियुक्ति पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्हें अयोग्य ठहरा रहे है। कांग्रेस इसी कारण लगातार चुनाव हार रही है और हारने के बाद बजाय संगठनात्मक स्तर पर समीक्षा, आत्मावलोकन व चिंतन के कांग्रेस वोट चोरी, ईवीएम हैक होने जैसे हास्यास्पद बहानों की आड़ में अपने नाकारापन को ढँकने की कोशिश करती है।

# ग्रामीणों को आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

छत्तीसगढ़ शासन की जन-जुड़ाव एवं विश्वास पहल के अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा विकास, सुरक्षा और विश्वास को सुदृढ़ करने हेतु लगातार ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया जा रहा है। ग्रामीणों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनने, सुझाव प्राप्त करने तथा माओवादी गतिविधियों से दूरी बनाने हेतु प्रेरित करने का उद्देश्य लेकर सुरक्षा बलों द्वारा आज विभिन्न ग्रामों में जन-संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए।

ग्रामीणों को शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति की विस्तृत जानकारी दी गई

परिवार/रिश्तेदारों में सक्रिय माओवादी सदस्यों को समाज की मुख्यधारा में लौटने हेतु प्रेरित किया गया। आसपास के जंगल, रास्तों पर किसी प्रकार की संदिग्ध वस्तु, संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल निकटतम थाना/कैम्प को सूचना देने का आग्रह किया गया। चलित थाना के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर ही सुनकर उनके निराकरण का प्रयास किया गया। ग्रामीणों को सायबर जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं जैसे एटीएम फ्राड, यूपीआई फ्राड अन्य फ्राड के तरीके एवं नवीन कानूनों में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए किए गए प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### दावा सुविधा शिविर 5 को

**बीजापुर।** भारत सरकार के वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार 'आपकी पूंजी आपका अधिकार' अभियान के अंतर्गत दावा न की गई वित्तीय संपत्तियों का पता लगाने एवं उन पर दावा प्रक्रिया को सरल बनाने हेतु बीजापुर जिले में दावा सुविधा शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर 5 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से जिला कार्यालय परिसर में लगाया जाएगा। शिविर का उद्देश्य नागरिकों को उन वित्तीय संपत्तियों की जानकारी उपलब्ध कराना है, जिन पर लंबे समय से दावा नहीं किया गया है, तथा संबंधित दावा प्रक्रिया को सरलता से पूर्ण कराने में सहायता प्रदान करना है।

# विश्व एड्स दिवस पर जनजागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा




विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सुकमा जिले में जन जागरूकता चलाया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय कुम्हाररास और बालिका पोटाकेबिन विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रूप से एचआईवी एड्स जनजागरूकता रैली निकालकर आमजन को स्वास्थ्य सुरक्षा और सावधानियों का संदेश दिया।

■ छात्रों ने दिया स्वास्थ्य सुरक्षा का संदेश

रैली की शुरुआत जिला चिकित्सालय परिसर से हुई। हाथों में तख्तियां, पोस्टर और जागरूकता स्लोगन लिए छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ एचआईवी, एड्स की रोकथाम, परीक्षण और उपचार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों को जनसामान्य तक पहुंचाया। सीएस डॉ. एम. आर. कश्यप और जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. बारसे भीमाराम ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि एचआईवी, एड्स के प्रति जागरूकता ही इस संक्रमण को रोकने का सबसे प्रभावी हथियार है और युवा पीढ़ी इस संदेश को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने में विशेष भूमिका निभा सकती है। कार्यक्रम के दौरान जिले के स्वास्थ्य अमले ने योगदान दिया।

इसमें डॉ. हरीश, डॉ. सृष्टि, डॉ. स्वेता शर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री गीतू हरित, जिला टीबी-एचआईवी समन्वयक जयनारायण सिंह, जिला समन्वयक नवीन पाठक, जिला एसटीआई परामर्शदाता कोशिल्या चंद्राकर तथा रविता लाकड़ा, सागर सहित कार्यालय के अनेक साथीगण उपस्थित थे। विद्यालयों के शिक्षकगण भी बड़ी संख्या में शामिल हुए और छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

## खबर संक्षेप



### संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा संपन्न

**भानुप्रतापपुर।** दुर्गुकोंदल ब्लाक के ग्राम पंचायत कराकी के आश्रित ग्राम भुरके में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में संकुल केंद्र गोडपाल व ओटेकसा से 12 प्राशा, 3 माशा व 2 हाई स्कूल के कुल 635 बच्चों ने भाग लिया था। बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि काफी हर्ष का विषय है कि क्षेत्र में खेल का आयोजन किया गया, जिससे ग्रामीण और बच्चे काफी खुश है। यह गांव जिले के अंतिम छोर में बसा हुआ है। मै चाहूंगी कि इस गांव का अधिक से अधिक विकास हो, गांव से कुछ मांग पत्र भी आए है। ग्रामीणों के जरूरतों पर पूरा ध्यान दिया जाएगा। जनपद पंचायत अध्यक्ष गोपी बधाई, सुनाराम तेता सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सरपंच, शिक्षक और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### प्राधिकृत अधिकारी अध्यक्ष को हटाने पर कृषक भड़के

**पखांजुर।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी अध्यक्ष को बिना कोई कारण बताए अचानक पद से हटाए जाने को लेकर क्षेत्र में भारी नाराजगी का माहौल है। समय से ठीक पहले समिति के अध्यक्ष को अचानक बिना किसी कारण या जांच के इतने बड़े फैसले से पद से हटा दिया गया है। इस मनमानीपूर्ण कार्रवाई से न केवल हटाए गए अध्यक्ष जगनुराम उसेंडी बल्कि स्थानीय किसानों में भी गहरा आक्रोश है। हटाए गए अध्यक्ष जगनुराम उसेंडी के साथ ग्रामीण अब मुख्यमंत्री से शिकायत करने की तैयारी कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे इस अन्यायपूर्ण कार्रवाई की उच्च स्तरीय जांच की मांग करेंगे।

### कलेक्टोरेट परिसर एवं आसपास धारा 163 लागू

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के धारा 163 (1) (2) के अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर तथा परिसर के आसपास 200 मीटर की परिधि में लोक शांति एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 02 दिसम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक कुल 60 दिवस की अवधि के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। इस अवधि के दौरान कलेक्टर परिसर एवं परिसर की आसपास के 200 मीटर के दूरी को धरना, प्रदर्शन, सभा, रैली, जुलूस, नारेबाजी इत्यादि के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

### खेत से अधेड़ का शव बरामद, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत पिपरौद के खेत में चारामा निवासी 54 वर्षीय घुरउराम विश्वकर्मा मृत अवस्था में पड़ा था। बोदेली निवासी हेमंत विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि मृतक का मानसिक स्थिति सही नही था। मृतक 27 नवंबर को घर से कही चला गया। बाद में उसका शव खेत की ओर देखा गया। मृतक का मौत कैसे हुआ यह पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

**विरोध : अतिवर्षा से फसलें बुरी तरह क्षतिग्रस्त, बीमा राशि के भुगतान की मांग**

# नरहरपुर किसान संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी, सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



क्षेत्र के किसानों की समस्याओं और लगातार बढ़ते असंतोष ने सोमवार 1 दिसंबर को स्पष्ट रूप से एकजुट रूप लिया, जब नरहरपुर ब्लॉक स्तरीय किसान संघ ने अपनी विभिन्न प्रमुख मांगों को लेकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। किसान नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो जिले में किसान संघ व आम जनता बड़े पैमाने पर आंदोलन और चक्का जाम करने को बाध्य होंगे।

कलेक्टोरेट ज्ञापन सौंपने पहुँचे नरहरपुर ब्लॉक स्तरीय किसान संघ के अध्यक्ष रतन सिंह वट्टी ने की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में किसानों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई और सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया। इसके बाद किसान प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर कार्यालय में पहुंचकर अपनी मांगें सौंपी। किसान संघ ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि खरीफ वर्ष 2025 में अत्यधिक वर्षा के कारण किसानों की फसलें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं, जिसके चलते इस वर्ष किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में फसल बीमा योजना के तहत पूर्ण बीमा राशि प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है। किसानों का कहना है कि खराब फसल, कर्ज और महंगाई ने उन्हें तोड़ दिया है, और बीमा राशि ही इस समय उन्हें राहत दे सकती है। इसके अलावा किसानों ने गंभीर आरोप लगाया कि गिरदावरी रिपोर्ट में लगभग 60 से 65 प्रतिशत किसानों का रकबा शामिल ही नहीं किया गया, जबकि वे एथी स्टेक में विधिवत पंजीकृत हैं। रकबा अपडेट नहीं होने से बड़ी संख्या में किसानों का धान विक्रय अधिकार समाप्त हो गया है। इसलिए खरीफ 2024 के टोकन के आधार पर धान बेचने की अनुमति देने की मांग की गई है, ताकि सभी किसान समय पर अपना धान बेच सकें। किसानों ने ग्राम अमोडा में निर्माणाधीन जिला सहकारी बैंक भवन को शीघ्र पूरा कर बैंक संचालन शुरू करने की भी मांग उठाई। साथ ही राजीव गांधी किसान न्याय योजना के चौथे किश्त का बकाया बोनस, जो कांग्रेस शासनकाल से लंबित है, उसे जल्द भुगतान करने का अनुरोध किया गया। अंत में किसान संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर कार्ययोजना घोषित नहीं की गई, तो किसान संघ और आम जनता बड़े स्तर पर आंदोलन करेगा और चक्का जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है।

**धान खरीदी की लिमिट सीमा कम**

धान खरीदी को लेकर किसान संघ ने कहा कि वर्तमान में धान खरीदी केंद्रों में प्रतिदिन धान खरीद की सीमा अत्यंत कम है, जिससे लंबी लाइनें और समय की बर्बादी हो रही है। उन्होंने मांग की कि प्रत्येक केंद्र में प्रतिदिन 2500 क्विंटल धान क्रय की व्यवस्था की जाए, ताकि 31 जनवरी 2026 तक खरीदी कार्य पूर्ण हो सके।

**ज्ञापन सौंपने वालों में रहे शामिल**

ज्ञापन सौंपने के लिए कांकेर पहुँचे किसानों में मयाराम नरेटी, द्वारिका प्रसाद साहू, प्रशांत भास्कर, अवधराम पटेल, सरजू शोरी, पुणेश्वर साहू, विमल भास्कर, मानसाय जुर्री, लक्षन नाग, सुरेन्द्र जैन, चैन सिंग यादव, फरस राम ठाकुर, दयाराम उईके, फिरतुराज पद्दा, महागुराम भास्कर, बलराम सिन्हा, रामसेवक राम उईके, रज्जीलाल, मोहित रजक के अलावा अन्य किसान भी उपस्थित रहे।

## थाना प्रभारी मलिक ने ली तहसील के कोटवारों की बैठक और दिए सुझाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरोना

सरोना थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा ग्राम स्तर पर प्रशासनिक समन्वय बढ़ाने के उद्देश्य से थाना प्रभारी मलिक राम केंवट द्वारा सरोना तहसील के सभी कोटवारों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों से पहुंचे कोटवारों ने हिस्सा लिया और क्षेत्रीय समस्याओं, सुरक्षा व्यवस्था तथा सूचना तंत्र को मजबूत बनाने के विषय पर विस्तृत चर्चा की गई।

थाना प्रभारी मलिक राम केंवट ने कोटवारों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम सुरक्षा व्यवस्था में कोटवारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, अवैध कारोबार, आपराधिक तत्वों की आवाजाही तथा सामाजिक शांति भंग करने वाले घटनाक्रम की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनता और पुलिस के बीच कोटवार ही सबसे मजबूत कड़ी होते हैं, इसलिए उनकी जागरूकता क्षेत्र की सुरक्षा को सीधे प्रभावित करती है। बैठक में थाना प्रभारी ने यह भी निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आपसी विवाद, भूमि-झगड़ा, नशा नियंत्रण, अवैध गतिविधियों पर नजर रखने के साथ-साथ पंचायत क्षेत्र में आने वाले बाहरी व्यक्तियों की जानकारी भी नियमित रूप से पुलिस को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कोटवारों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा हर छोटी-बड़ी घटना की सूचना बिना देरी के थाना स्तर पर पहुंचाएं।

इस दौरान कोटवारों ने भी अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखा, जिसमें कुछ गांवों में सड़क और रोशनी की कमी, वन क्षेत्र में बढ़ती आवाजाही और संचार व्यवस्था की दिक्कतों से जुड़े मुद्दे शामिल थे। थाना प्रभारी ने इन समस्याओं को वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाने का आश्वासन दिया।

## हल्बा-हल्बी राष्ट्रीय महासभा की बैठक में संगठन मजबूत करने पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल



अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज की राष्ट्रीय महासभा कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक राजनांदगांव स्थित हल्बा सामाजिक भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में समाज की संगठनात्मक संरचना को और अधिक मजबूती प्रदान करने तथा सामाजिक उत्थान के उद्देश्य से 19 प्रमुख बिंदुओं पर विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए।

कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जीआर राणा ने कहा कि हल्बा समाज एक शिक्षित, जागरूक एवं सशक्त समाज है, जिसे भारतीय संविधान की अनुसूची में शामिल कर अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्राप्त है। उन्होंने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि आज पूरे भारत में हल्बा समाज एकजुट होकर समृद्धि और विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। बैठक को 18 गढ़ महासभा अध्यक्ष लतेलराम नाईक, 32 गढ़ महासभा अध्यक्ष वीरेन्द्र चनाप, सलाहकार अर्जुनसिंह नाग, क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़िया, मध्यप्रदेश महासभा प्रतिनिधि बीएल भंडारी, केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ कार्यवाहक अध्यक्ष आरएस नायक, सलाहकार जीआर चुरेन्द्र, संपादक नासकेतु चौधरी एवं महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय सचिव चिदाकाश आर्य ने भी संबोधित किया। बैठक में राष्ट्रीय महासभा के कार्यालय संचालन के लिए शक्ति भवन, आशीष नगर, रिसाली भिलाई में कार्यालय कक्ष उपलब्ध कराना, समाज की गतिविधियों के प्राथमिक मुद्दों का निर्धारण, परिवार व सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण, कुछ क्षेत्रों में व्याप्त असंतोष की समीक्षा व आवश्यक कार्यवाही, अंतरजातीय विवाह मामलों को लेकर स्पष्ट नीति, समाज के शहीदों-वीरों के सम्मान में शक्ति दिवस व शहादत दिवस मनाना, राष्ट्रीय महासभा को फर्म व सोसायटी एक्ट में पंजीयन, वित्तीय संसाधनों की सुदृढ़ व्यवस्था किया जाएगा।

बैठक में अखिल भारतीय हल्बा समाज के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष मंतूराम पवार, राष्ट्रीय महासचिव श्यामसिंह तारम एवं विभिन्न क्षेत्रीय महासभाओं के प्रमुख पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## चोरी के मामले की पूछताछ के लिए गई महिला से संदेही परिवार ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

चोरी के संबंध में पुछताछ के लिए गए महिला के साथ चोरी के प्रकरण

■ मारपीट से महिला का दांत टूटा और कई जगह हुईं जख्मी

में संदेही के परिवार व पहचान वालों ने मारपीट कर दिया। मारपीट से महिला का दांत टूट गया व शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई। पीड़ित महिला का कहना था कि अगर पुलिस वालो के द्वारा बीच बचाव नही किया जाता, तो मुझे वह लोग जान से ही मार देते।

बांदे थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 129 गोविंदपुर निवासी 53 वर्षीय बासु विश्वास पिता स्व. विरेन्द्र विश्वास ने पुलिस को बताया कि 29 नवंबर की शाम 4 बजें मुझे थाना पखांजुर में चोरी के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाए गया था। पूछताछ के दौरान संदेही पीव्ही 85 राधापुर निवासी परितोष सरकार से पूछताछ के लिए शाम 5 बजें पुलिस वालों के साथ पीव्ही 85 राधापुर में पहुंचे थे, जहां पर मुझे देखकर परितोष सरकार की पत्नि विनती



सरकार के द्वार मेरे पति को फंसाने के लिए पुलिस को लेकर आए हो बोलने लगी। उस जगह विनती सरकार, प्रिया सरकार, साथी सरकार, तारक, अविनाश, तोता रानी सरकार एवं अन्य व्यक्तियों के भी मौजूद थे, जिन्होने एक राय होकर रास्ता रोककर गाली दिया और जान से मारने की धमकी देकर मेरा हाथ बांह खींचते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया गया। मारपीट करने से मेरे दांत टूटकर गिर गया एवं हाथ पैर में चोट आई है। उसी समय पुलिस वाले बीच बचाव किए हैं। यदि पुलिस वाले बीच बचाव नहीं करते तो मुझे जान से मार डालते। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी विनती सरकार, प्रिया सरकार, साथी सरकार, तारक, अविनाश एवं अन्य व्यक्तियों के खिलाफ धारा 126 (2), 191 (1), 296, 115 (2), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## परचारीपारा शिविर सेवा, संस्कार जागरूकता के संगम की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा




शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लिलेझर के आश्रित ग्राम परचापीपारा में 24 से 30 नवंबर तक आयोजित नशा मुक्त भारत विषयक सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन आतिशबाजी, बाजे-गाजे और उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ। पूरे सप्ताह गाँव में जागरूकता, सहयोग और सेवा का जो अनूठा संगम दिखाई दिया, उसने शिविर को एक यादगार आयोजन बना दिया।

समापन समारोह की मुख्य अतिथि क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज सिंह मंडावी रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवप्रसाद कांगे एवं किशोर परतेती ग्राम पटेल ने की। विशिष्ट अतिथियों में सरपंच लक्ष्मण सिंह नाग, उपसरपंच विजय कांगे, पंचगण एवं विभिन्न सामाजिक प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर समारोह की शुरुआत की गई। विधायक मंडावी ने स्वयंसेवकों को सेवा के साथ शिक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा योग को दैनिक जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने एनएसएस यूनिट लिलेझर को आवश्यक सामग्री के लिए 50 हजार रुपये देने की घोषणा की तथा दैनिक शिविर दर्पण का विमोचन किया। पश्चात अतिथियों ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को पारितोषिक प्रदान किया।

प्राचार्य ने स्वागत उद्बोधन में ग्रामवासियों के सहयोग की सराहना की। कार्यक्रम अधिकारी राजेश महावीर ने सात दिवसीय शिविर में किए गए शारीरिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक तथा सेवा कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। ग्रामवासियों द्वारा भोजन, लकड़ी, मंच, टेंट और माइक की व्यवस्था कर सहयोग देना सराहनीय रहा। विभिन्न वक्ताओं ने स्वयंसेवकों की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी ग्राम में शिविर लगाने की मंशा जताई। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ स्वयंसेवक महेंद्र बगमरिया ,तुलसी पाल, तोषण, पुष्पेंद्र, वंदना, वसुंधरा, जतिन का विशेष रूप से सहयोग प्राप्त हुआ। इसके साथ-साथ शिक्षक मुकेश आनंद सिंहा ,अमित सक्सेना ,विजय राय, खिलेंद्र साहू, महिला स्वसहायता समूह, जसवंतीन दर्रो , अंजू युवा प्रभाग से मुकेश कांगे, नेवेंद्र नेताम ग्राम संगठन राजाराम मंडावी, महेंद्र सेवता, शिक्षक सस्मिता शर्मा, श्वेता रानी लाल, कमला ध्रुव, नम्रता साहू, मोनिका खत्री , पूजा वैष्णव, संगीता कोरिया , तरुणा प्रधान एवं समस्त ग्राम वासियों का सराहनीय सहयोग रहा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं बडी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## विश्व एड्स दिवस पर निकाली रैलियां, किए विविध कार्यक्रम

**नरहरपुर।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में संचालित यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी, रेड रिबन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा संयुक्त रूप से विविध कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा निबंध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता एवं नारा लेखन का आयोजन गया, जिसके लिए उन्हें महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। नगर के मुख्य मार्ग चौक चौराहों से होते हुए विभिन्न वार्डों में विशाल एड्स जागरूकता रैली आयोजित की गई। छात्रों द्वारा मुख्य मार्ग, चौराहे, थाना चौक के पास 2025 विश्व एड्स दिवस के थीम व्यवधान पर काबू पाना, एड्स की प्रतिक्रिया को बदलना विशेष पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एड्स महामारी के कारण और उससे बचाव के उपाय जैसे डब्लूएचओ एवं यूनिसेफ के विभिन्न संदेश को लोगों को बताया गया। भारी संख्या में उपस्थित जनसमूह द्वारा छात्रों के प्रयास की सराहना की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य भेड़िया, पीएस कोर्राम, बी कैमरों, एम भगत, एस नेताम, रेडक्रास प्रभारी आर ओट्टी, रेड रिबन प्रभारी लता कोमरे, दिनेश निषाद, आशीष, रूपाली, प्रीति खुशी, प्रतीक, प्रियंका पटेल उपस्थित रहे।




## कापसी की एटीएम चार-पांच दिनों से बंद, किसान लौट रहे खाली हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजूर



कापसी क्षेत्र के ग्रामवासी इन दिनों नकदी संकट से बुरी तरह परेशान हैं। वजह है क्षेत्र में कार्यरत एकमात्र एसबीआई एटीएम मशीन का बीते चार-पांच दिनों से खराब पड़ा होना। धान खरीदी का सीजन शुरू होने और खेती-किसानी के कार्यों में पैसे की सख्त जरूरत के बीच एटीएम से पैसा न निकलने के कारण ग्रामीणों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

क्षेत्रीय ग्रामीणों में एटीएम कर्मचारियों के प्रति गहरा आक्रोश है, जिनका कहना है कि लचर व्यवस्था को देखने के बावजूद मशीन को ठीक करने पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कापसी में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का एटीएम लगभग एक साल से बंद है। ऐसे में कापसी सहित आसपास के दर्जनों गांवों के लोग पैसे निकालने के लिए पूरी तरह से भारतीय स्टेट बैंक के इस एकलौते एटीएम पर निर्भर हैं। एक ग्रामीण ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा धान का सीजन है, लोगों को बीज, खाद और मजदूरी के लिए पैसों की भारी आवश्यकता है। एटीएम खराब होने से सारा काम रुका पड़ा है। हम किससे पैसा निकालें। एटीएम खराब होने का सीधा असर स्थानीय व्यापार पर भी पड़ रहा है। एक स्थानीय बीज विक्रेता दुकानदार ने बताया कि पिछले तीन-चार दिनों में कई ग्राहक उनके पास बीज खरीदने आए, लेकिन एटीएम खराब होने के कारण नगदी राशि नहीं निकाल पाए और उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। दुकानदार के अनुसार एटीएम की खराबी के कारण उन्हें लगभग दस से बारह हजार का नुकसान झेलना पड़ा है। उन्होंने कहा ग्राहक डिजिटल पेमेंट की जगह नगदी को प्राथमिकता देते हैं। एटीएम नहीं चलने से उनका व्यापार पूरी तरह से ठप्प हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कर्मचारियों की लापरवाही साफ दिखती है, क्योंकि इतनी महत्वपूर्ण सेवा बाधित होने के बावजूद कोई इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है।

लोगों ने मांग की है कि एसबीआई प्रबंधन इस गंभीर समस्या पर तत्काल ध्यान दे और मशीन को अविलंब ठीक कराए, ताकि ग्रामीणों को इस मुश्किल समय में राहत मिल सके। वर्तमान में कापसी का एसबीआई एटीएम ग्रामीणों के लिए पैसे निकालने का केंद्र बनने के बजाय, महज एक शोपीस बनकर रह गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग,
उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

## गणित परिषद ने खरथा स्कूल के बच्चों को खेल- खेल में गणित का फंडा समझाया


**चारामा।** शासकीय हाई स्कूल खरथा में गणित परिषद का गठन कर छात्र छात्राओं में गणित का भय दूर करने एवं इसे मनोरंजक बनाकर खेल खेल में गणित विषय के कठिन समझे जाने वाले ज्यामितीय प्रमेय को बहुत ही सरलता पूर्वक समझाया गया। परिषद के संरक्षक एवं प्राचार्य आरडी प्रजापति ने बताया कि 10 वीं के बच्चों ने ज्यामिति के विभिन्न वृत्त संबंधी अवधारणाओं जैसे चक्रीय चतुर्भुज और इसके सम्मुख कोणों का योग समकोण होता है, वृत्त के एक ही अवधा के कोण बराबर होते हैं, वृत्त के किसी चाप द्वारा केंद्र पर बना कोण शेष परिधि पर उसी चाप द्वारा बने कोण का दुगुना होता है, अर्ध वृत्त का कोण समकोण होता है, अर्ध वृत्त का अंशमाप 180 अंश होता है, वृत्त के बाह्य बिंदु से वृत्त पर खींची गई दो स्पर्श रेखाखंडों की लंबाई बराबर होती है, आदि को खेल खेल में स्वयं प्रयोग करके देखा। गणित परिषद के प्रयास पर गीताजंली, हिमेश्वरी, कशिश, विकास, वीरसिंह, चंद्रहास आदि विद्यार्थियों ने बताया कि प्रमेय को स्वयं सत्यापित करके बहुत मजा आया और उनके सिद्धांत और परिणाम बहुत आसानी से समझ में आ गया। इस अवसर पर कक्षा 10 वीं के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।



डेनियल स्कीन & लेज़र क्लीनिक, धमतरी




Awarded Best Skin Clinic in Chhattisgarh at Global Icon Award 2023




समस्त चर्म रोगों का ईलाज
चटर्जी अस्पताल, अम्बेडकर चौक, रूद्री रोड, धमतरी (छ.ग.)
संपर्क सूत्र : 89650-27822 अग्रिम पंजीयन : 077222-96003
-: ओपीडी समय :-
सोमवार से शनिवार
सुबह 11 से शाम 6 बजे तक